

## एक नजर में

### मंदसौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 20 किलो ब्राउन शुगर के साथ 5 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार




**मंदसौर।** मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंदसौर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय ड्रग्स तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 20 किलो अवैध ब्राउन शुगर (स्मैक) बरामद कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल तथा सीएसपी जितेंद्रसिंह भास्कर के मार्गदर्शन में थाना नई आबादी पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर घेराबंदी कर कार्रवाई की। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 20 किलो ब्राउन शुगर, दो चार पहिया वाहन एवं सात मोबाइल फोन बरामद किए गए। जप्त सामग्री में एक सुजुकी एस-क्रॉस कार, एक हुंडई क्रेटा कार (कुल कीमत लगभग 33 लाख रुपए) तथा 2.50 लाख रुपए मूल्य के सात मोबाइल फोन शामिल हैं। आरोपियों के विरुद्ध थाना नई आबादी में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 8/21/29 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अंतर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय थे। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों, सप्लायर नेटवर्क तथा वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नई आबादी उप निरीक्षक कुलदीप सिंह राठौर, उप निरीक्षक विनय बुंदेला, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक आशीष बैरागी, आरक्षक मनीष बघेल, मुज्जफरउद्दीन एवं नई आबादी पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

**मंदसौर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी बी.एल. विश्नोई द्वारा बताया गया कि प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर 1 अप्रैल 2026 से शुरू हो गयी। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जो बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, तथा कला और संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के योग्य हैं। 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच?चा (31 जुलाई, 2026 तक), जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, परस्कार के लिए पात्र है।

### जिले के संपूर्ण क्षेत्र में नलकूप खनन पर 31 जुलाई तक प्रतिबंध

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग ने मध्य प्रदेश पेयजल परिक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 संशोधित अधिनियम 2002 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर 31 जुलाई 2026 तक प्रतिबंध लगाया गया है। मंदसौर जिले में कोई भी व्यक्ति बिना अनुज्ञा के नलकूप खनन नहीं कर सकेगा। जो व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करेगा वह अधिनियम की धारा -3 या धारा -4 के उपबंध का उल?लंघन करने पर दो हजार रुपए के जुर्माने तथा दो वर्ष तक के कारावास या दोनों से दण्डित किया गया जायेगा। शासकीय योजना के अंतर्गत किये जाने वाले नलकूप उत?खनन पर यह आदेश लागू नहीं होगा। इस हेतु अनुज्ञा प्राप्त किया जाना आवश्यक नहीं होगा।

# कनघट्टी में बदबूदार पानी से परेशानी, दो माह से गंदा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

- ग्राम पंचायत के खिलाफ फूटा आक्रोश, 10 हजार आबादी वाले गांव में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं
- 1100 नल कनेक्शनों से हर माह वसूले जाते हैं 99 हजार रुपये, फिर भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा साफ पानी

**पिपलियामण्डी।** मल्हारगढ़ तहसील के सबसे बड़े गांवों में शामिल करीब 10 हजार की आबादी वाले ग्राम कनघट्टी में पेयजल संकट और गंदे पानी की समस्या गांव की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। हजारों ग्रामीण अब इस इंतजार में हैं कि आखिर उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल कब उपलब्ध हो पाएगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले लगभग दो माह से नलों में गंदा, मटमैला और बदबूदार पानी आ रहा है, जिससे हजारों लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी के मौसम में स्वच्छ पेयजल की समस्या ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर ग्राम पंचायत के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जलापूर्ति के लिए दो कुएं, दो ट्यूबवेल और एक नदी का स्रोत उपलब्ध है। इसके बावजूद प्रतिदिन केवल आधे घंटे ही नल सप्लाई दी जा रही है। जो पानी मिल रहा है, वह भी इतना गंदा होता है कि उसे पीना तो दूर घरेलू उपयोग में लेना भी मुश्किल हो जाता है। नदी का पानी सीधे कुए में डालकर सप्लाय हो रहा है। पानी को स्वच्छ करने के लिये फुलतार6 प्लांट भी नही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार पानी में मिट्टी और गाद तक दिखाई देती है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

**ग्राम पंचायत हर माह वसूल रही हजारों रुपये**-जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा गांव में करीब 1100 नल कनेक्शन दिए गए हैं। प्रत्येक उपभोक्ता से 90 रुपये प्रतिमाह नल शुल्क वसूला जाता है। इस प्रकार पंचायत को हर माह लगभग 99 हजार रुपये की आय प्राप्त होती है। ग्रामीणों का कहना है कि जब नियमित रूप से शुल्क लिया जा रहा है तो बदले में



स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना भी पंचायत की जिम्मेदारी है। लेकिन वर्तमान स्थिति में ग्रामीणों को गंदा पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत जल कर तो समय पर वसूल रही है, लेकिन जलापूर्ति व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। गांव में पंचायत और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है।

> **कहीं दूसरा भागीरथपुरा न बन जाए कनघट्टी**
>
> गांव के लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो कनघट्टी की स्थिति भी इंदौर के भागीरथपुरा जैसी हो सकती है, जहां दूषित पानी के कारण बड़ी संख्या में लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ गए थे। ग्रामीणों का कहना है कि गंदा पानी लोगों की सेहत के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। गांव के जागरूक युवा अजय नागरिया ने बताया कि दूषित पानी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा नल कर के नाम पर मोटी राशि वसूली जा रही है, लेकिन बदले में स्वच्छ पानी नहीं दिया जा रहा। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीणों को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

**चुनावी वादों पर उठ रहे सवाल**-ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत चुनाव के दौरान सरपंच महेश पाटीदार ने गांव को बेहतर और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े वादे किए थे। लेकिन चुनाव जीतने के बाद पेयजल समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा सका। गांव में आज भी जल संकट और गंदे पानी की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। इसके चलते लोगों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

**नल कर्मचारी कर रहे प्रयास, लेकिन नहीं मिल रहा समाधान**-ग्रामीणों का कहना है कि जलापूर्ति व्यवस्था से जुड़े कर्मचारी और नल चालक अपने स्तर पर बेहतर व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन संसाधनों की कमी और तकनीकी समस्याओं के कारण वे भी परेशान हैं।

> **ये कहते हैं जिम्मेदार**
>
> ग्राम पंचायत सचिव गोपाल प्रजापत का कहना है कि गांव में पेयजल की सप्लाई नियमित रूप से की जा रही है और अभी तक कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। विभिन्न स्रोतों से पानी एकत्र कर सरकारी कुएं में डालने के बाद सप्लाई की जाती है। यदि कहीं समस्या है तो उसे सुधारने का प्रयास किया जाएगा। वहीं सरपंच महेश पाटीदार ने बताया कि कुछ समय पहले नदी से आने वाली पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। पाइपलाइन में मिट्टी जाने के कारण जलापूर्ति प्रभावित हुई है। लाइन को सुधारने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन इसमें समय लग रहा है। जल्द ही व्यवस्था को पूरी तरह सुचारू करने का प्रयास किया जाएगा।

उनका कहना है कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए पंचायत और प्रशासन को गंभीरता से काम करने की जरूरत है।



## जिलेभर के बूथों पर सुना गया प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' का 134वां एपिसोड

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को जिले के अधिकांश बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी बूथों पर बूथ समिति की बैठकें आयोजित कर संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य तथा जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में युवा, महिला, किसान, व्यापारी एवं प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। सांसद सुधीर गुप्ता ने नीमच विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कानाखेड़ा में, जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मल्हारगढ़ विधानसभा के ग्राम कोलवा में, विधायक हरदीप सिंह डंग ने अपने विधानसभा क्षेत्र में तथा विधायक चंदरसिंह सिसोदिया ने ग्राम बोलिया में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम सुना। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने ग्राम बोहराखेड़ी तथा पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ ने भी विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम में सहभागिता की।

**एक नजर** — नारद भक्ति सूत्र का समापन, आज से होंगे सत्यव्रत चैतन्यजी के प्रवचन

## सदैव सत्य का पालन करें हमारे शास्त्र इसी बात की देते हैं प्रेरणा : स्वामी केशवानंद



**मंदसौर।** पुरूषोत्तम (अधिक) मास के अवसर पर केशव सत्संग भवन, खानपुरा में पुरूषोत्तम (अधिक) मास के शुभ अवसर पर पूज्य पाद केशवानंद जी महाराज चिन्मय मिशन आकोला ने नारद भक्ति सूत्र पर आधारित दिव्य प्रवचनों का समापन रविवार को हुआ अब आज से 15 जून तक प्रतिदिन सत्यव्रत चैतन्य जी नर्मदा तट के प्रवचनों का आयोजन आयोजन प्रातः 8.30 बजे से 10 बजे तक होगा।

नारद भक्ति सूत्र का रविवार को समापन करते हुए करते हुए केशवानंद जी महाराज चिन्मय मिशन आकोला ने बताया कि आज के समय में विश्वास बहुत कम हो रहा है प्रत्येक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति पर संदेह कर रहा है जिसका का मुख्य कारण झूठ बोलना है झूठ बोलने से अविश्वास की भावना उत्पन्न होती है। इसलिए सदा सत्य बोलना चाहिए और हमारे शास्त्र भी इसी बात को बताते है। सदैव सत्य का पालन करना चाहिए। स्वामी जी ने बताया कि मन में और खान पान में शुद्धता और पवित्रता रखना चाहिए क्योंकि जैसा हमारा मन होगा वैसा हमारा कर्म होगा और जैसा हमारा खान पान होगा वैसा हमारा जीवन होगा इसलिए मन और खान पान मलीन नहीं होना चाहिए। भोजन करते समय सबसे पहले भगवान का नाम लेना चाहिए ताकि भोजन पवित्र हो जाये।

धर्मसभा में स्वामी जी ने बताया कि मनुष्य में दया भाव होना चाहिए जिस मनुष्य में दया भाव नही होता है वह पशु के समान होता है। हमें सभी अन्य प्राणियों के प्रति दया भाव रखना चाहिए। आपने बताया कि जीवन में आसित्कत्व का भाव होना चाहिए भगवान के प्रति समर्पण होना चाहिए भगवान पर पूर्ण विश्वास होना चाहिए मन में ये भाव रखों की भगवान हमारे साथ है। इस प्रकार रविवार को नारद भक्ति सूत्र का समापन हुआ।

> **आज से होगी रामचरित मानस कथा का शुरू**
>
> केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश चंद्र सेठिया और सचिव कारूलाल सोनी ने बताया कि दिनांक 17 मई से प्रारंभ हुए नारद भक्ति सूत्र का समापन रविवार को हुआ जिसके साथ ही पूज्यपाद स्वामी श्री केशवानंद जी विदा दी गई और अब आज1 जून से स्वामी सत्यव्रत चैतन्य जी नर्मदा तट के द्वारा रामचरित मानस का वाचन किया जायेगा। केशव सत्संग भवन ट्रस्ट मंडल ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में प्रवचनों का लाभ लेने का निवेदन किया है।

# नीमच

## एक नजर में

### युवक का फंदे पर मिला शव :पुलिस बोली-परिजनों और आसपास के लोगों से कर रहे हैं पूछताछ

**नीमच।** बघाना थाना क्षेत्र के दारू की नई आबादी गांव में शनिवार देर शाम एक 24 वर्षीय युवक का शव अपने घर में फांसी के फंदे पर मिला। घटना शनिवार देर शाम की है। परिजनों की सूचना पर बघाना थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान गोविंद (24), पिता दुर्गाशंकर भील, निवासी दारू नई आबादी के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा बनाया और शव को फंदे से नीचे उतारकर नीमच जिला अस्पताल भिजवाया। शनिवार रात शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया था। रविवार सुबह बघाना पुलिस की मौजूदगी में जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों के पैनल द्वारा मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए शोकाकुल परिजनों को सौंप दिया गया।युवक ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों से उठाया, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। मौके से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। बघाना थाना पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर मामले को गंभीरता से जांच में लिया है। मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों के बयान दर्ज कर खुदकुशी के असली कारणों का पता लगाया जाएगा।

### ग्वालियर चम्बल परिवार ने किया श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा का शंखनाद, कलश यात्रा निकाली



**नीमच।** ग्वालियर चंबल परिवार के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा का शंखनाद रोटरी क्लब के सामने स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर से सुबह 9बजे अमृत मंगल कलश यात्रा से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य प्रमुख मार्गो से होते हुए स्कीम नंबर 36 ए में स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जिसमें महिलाओं ने लाल चुनरी एवं पुरुष सदस्यों द्वारा सफेद कुर्ता पजामा एवं केसरिया साफा बांधकर निकाली गई जिससे पूरा शहर भगवा रंग में रंगकर भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में सम्मिलित हुई नगर की प्रथम नागरिक श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा, संतोष चोपड़ा, समाजसेवी, वासुदेव गर्ग, समाजसेवी, आदित्य मालू, सांसद प्रतिनिधि एवं उपाध्यक्ष अतिथि के रूप में सम्मिलित रहे ।ग्वालियर चंबल परिवार के सदस्यगण राधा मोहन शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, उमेश चौहान, गौरव राजपूत, रवि यादव, धनंजय शर्मा, सचिन शर्मा, सौरभ शर्मा, सुनील माहोर, सुभाष चंद्र शर्मा, निशांत यादव, दीवान सिंह चौहान, शिशुपाल गौड़, सचिंद्र शर्मा, वीरेंद्र दुबे, सुरेंद्र सोनी, अनुराग गुप्ता, सुधांशु खरे, विनोद त्रिपाठी मनोज त्रिपाठी, लाखन सिंह मौर्य, एवं ग्वालियर चंबल परिवार के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।


### महेश वीरवाल जिला प्रभारी नियुक्त

**नीमच।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय राजेंद्र पाल गौतम के आदेशानुसार एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी की सहमति से, मध्यप्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने महेश वीरवाल (प्रदेश सचिव) को नीमच जिले का जिला प्रभारी नियुक्त किया है।

## नीमच पुलिस की मेगा कॉम्बिंग में 118 वारंटी गिरफ्तार

**नीमच। जिले में शनिवार रात पुलिस का ऐसा ऑपरेशन चला, जिसने अपराधियों की नींद उड़ा दी। जिलेभर में एक साथ उतरी पुलिस टीमों ने फरार वारंटियों, निगरानी बदमाशों, नशा कारोबारियों और अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया।**





पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में रातभर कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान पुलिस ने 118 गैर-जमानती वारंट तामील कराते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें 39 स्थायी वारंटी और 79 गिरफ्तारी वारंट शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान मादक पदार्थ तस्करी, संपत्ति संबंधी अपराधों और गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों पर भी शिकंजा कसा गया। पुलिस ने 107 निगरानी बदमाशों और एक जिला बदर आरोपी की भी जांच-पड़ताल की ।अभियान के तहत जिलेभर में 60 होटल, लॉज और ढाबों की सघन तलाशी ली गई। वहीं 12 प्रमुख स्थानों पर संयुक्त वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 175 से अधिक वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 43 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 21 हजार 800 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। नशे के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया।

आबकारी अधिनियम के तहत 11 प्रकरण दर्ज कर 51 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई। वहीं एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 2 किलो 190 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा सट्टा और जुआ गतिविधियों पर भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने 54 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया ।पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने कहा कि जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह की सघन कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। नीमच पुलिस का यह अभियान अपराधियों के लिए साफ संदेश है कि कानून से बच निकलना अब आसान नहीं होगा।

## 40 घंटे बाद मिला बेटे का शव, एक ही चिता पर हुआ दोनों का अंतिम संस्कार

- गांव में हर आंख हुई नम

**नीमच। जिले के कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमली आंतरी में शुक्रवार शाम हुए नदी हादसे के करीब 40 घंटे बाद रविवार सुबह 20 वर्षीय पवन उर्फ लखन का शव पानी के ऊपर आ गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर मनासा शासकीय अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।**

पोस्टमार्टम के बाद पिता दशरथ सिंह और बेटे पवन के शव परिजनों को सौंप दिए गए। जब दोनों के शव एक साथ गांव पहुंचे, तो पूरे अंचल में शोक छा गया। पिता और इकलौते बेटे की अर्थी एक साथ उठने पर श्मशान घाट पर मौजूद सैकड़ों लोगों की आंखें नम हो गई। यह घटना शुक्रवार शाम करीब चार बजे हुई थी। दशरथ सिंह चंद्रावत अपने इकलौते बेटे पवन के साथ खेत पर खरबूजे का काम निपटाकर पास की नदी में नहाने गए थे। गहराई का अंदाजा न होने के कारण पवन पानी में डूबने लगा।

बेटे को बचाने के लिए पिता दशरथ सिंह ने कपड़ों सहित नदी में छलांग लगा दी, लेकिन तेज लहरों के कारण दोनों पानी में समा गए।

पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार को ही पिता का शव निकाल लिया था। बेटे पवन के लिए शनिवार देर शाम तक चला सर्चिंग ऑपरेशन नाकाम रहा था। रविवार को उसका शव मिलने के बाद इस परिवार की पूरी युवा पीढ़ी समाप्त हो गई। दशरथ सिंह अपने माता-पिता के अकेले बेटे थे और कॉलेज में पढ़ रहा पवन भी उनका इकलौता पुत्र था। अब वृद्ध दादा ईश्वर सिंह पर बहू और पोती की जिम्मेदारी आ गई है।

**एक नजर** — हैदरी वेलफेयर सोसाइटी का प्रतिभा सम्मान समारोह

## 25 मेधावी विद्यार्थियों सहित प्रोफेशनल डिग्रीधारकों का किया सम्मान

**नीमच। दाऊदी बोहरा समाज की अग्रणी संस्था हैदरी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रविवार को बोहरा कम्युनिटी हॉल में आयोजित भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह में शिक्षा और उपलब्धियों का उत्सव देखने को मिला।**

कार्यक्रम में समाज के मेधावी विद्यार्थियों, प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में सफलता प्राप्त करने वाले युवाओं तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



समारोह की शुरुआत कुरान मजीद की तिलावत से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञानोदय विश्वविद्यालय की चांसलर डॉ. माधुरी चौरसिया, पीएम श्री पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य अनिल व्यास, बोहरा समाज के आमील साहब, वाली मुल्ला साहब शेख सैफुद्दीन जवादवाला, समाज के सचिव हुसामुद्दीन डेरकी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। 10वीं कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 17 विद्यार्थियों तथा 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 8 विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा इस वर्ष एमबीबीएस, बीडीएस, सीए, सीएस और बीएचएमएस जैसी प्रतिष्ठित प्रोफेशनल डिग्रियां हासिल करने वाले युवाओं का भी विशेष सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. माधुरी चौरसिया ने विद्यार्थियों को बदलते दौर में उपलब्ध प्रोफेशनल कोर्सों और करियर के नए अवसरों की जानकारी देते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। डॉ. प्रशांत मिश्रा ने शिक्षा के महत्व, महिला शिक्षा और सशक्तिकरण को समाज की प्रगति का आधार बताया। वहीं प्राचार्य अनिल व्यास ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव और तकनीक के सकारात्मक उपयोग के माध्यम से शिक्षा एवं जीवन में नए अवसरों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन गुलाम अली मालू एवं निसरीन सिद्धपुरवाला ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन अली असगर डेल्टा ने व्यक्त किया। समारोह में हैदरी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष ताहेर बूटवाला, सचिव अकील डेरकी, उपाध्यक्ष अब्बास प्रिंस सहित संस्था के पदाधिकारी, अभिभावक और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।